दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. संसद की संयुक्त समिति ने वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस के लिए लोगों से सुझाव आमंत्रित किये।

02. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए बिहार के दो शिक्षकों का चयन। मधुबनी की डॉ. मीनाक्षी कुमारी और कैमूर के सिकेन्द्र कुमार सुमन को शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित।

03. भागलपुर, मुंगेर, खगडिया और कटिहार समेत अन्य जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं। हजारों की संख्या में लोग विस्थापित।

04. और, पेरिस पैरालंपिक खेलों का औपचारिक उद्घाटन आज। खेल प्रतियोगिता में भारत के चौरासी एथलीट हो रहे हैं शामिल।

---

संसद की संयुक्त समिति ने वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस के बारे में लोगों से सुझाव आमंत्रित किये हैं। लोकसभा सचिवालय ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि समिति को लिखित सुझाव हिन्दी या अंग्रेजी दो प्रतियों में भेजे जा सकते हैं। सुझाव संयुक्त सचिव, लोकसभा सचिवालय, कमरा संख्या– चार सौ चालीस, संसदीय सौध, नई दिल्ली को भेजे जा सकते हैं। विचार और सुझाव जेपीसी वक्फ एलएसएस एट द रेड संसद डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर ईमेल किये जा सकते हैं। ये सुझाव पंद्रह दिन में भेजे जाने चाहिए। विधेयक का प्रारूप हिन्दी और अंग्रेजी में लोकसभा की वेबसाईट पर उपलब्ध है। ये विधेयक बजट सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किया गया था। इसे लोकसभा सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में गठित संयुक्त संसदीय समिति को परीक्षण के लिए सौंपा गया था। समिति को अपनी रिपोर्ट संसद के शीतकालीन सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन तक सदन को सौंपनी होगी।

---

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, दो हजार चौबीस के लिए बिहार के दो शिक्षकों का चयन हुआ है। इनमें मधुबनी के शिवगंगा बालिका प्लस–टू विद्यालय की शिक्षिका डॉ. मीनाक्षी कुमारी और कैमूर के तरहनी स्थित न्यू प्राथमिक स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक

सिकेन्द्र कुमार सुमन शामिल हैं। पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन शिक्षकों को सम्मानित करेंगी। शिक्षा विभाग ने इस बार राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए छह शिक्षकों के नाम केन्द्र सरकार को भेजे थे, जिनमें दो का चयन किया गया है।

---

शिक्षा विभाग ने कहा है कि अक्टूबर महीने से उन्हीं शिक्षकों के वेतन का भुगतान होगा, जो मोबाईल ऐप के माध्यम से अपनी हाजिरी बनाते हैं। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि इंटरनेट और सर्वर की समस्या होने की स्थिति में विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करेंगे।

---

राज्य सरकार ने यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के दस हजार तीन सौ बत्तीस पदों को स्वीकृति प्रदान की है। यातायात पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक सुधांशु कुमार ने बताया कि वर्तमान में चल रही सिपाही भर्ती परीक्षा से ट्रैफिक पुलिस में जवानों की नियुक्ति होगी।

———बाईट———

---

पटना हाई कोर्ट ने राज्य के दाखिल–खारिज कानून में जमाबंदी रद्द करने के प्रावधान की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायाधीश पार्थ सारथी की खंडपीठ ने एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब देने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि दशकों पुराने जमाबंदियों को जिलों के अपर समाहर्ता बिना कारण बताए रद्द कर देते हैं। पुराने जमाबंदी से भूमि के स्वामित्व का प्रश्न भी संलिप्त रहता है, जिसे दीवानी अदालतें ही साक्ष्य लेकर फैसला ले सकती हैं।

---

पटना उच्च न्यायालय ने अपने आदेश का अनुपालन नहीं करने पर सीवान के जिलाधिकारी पर पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। उन्हें जुर्माने की राशि व्यक्तिगत स्तर पर भरनी होगी। न्यायाधीश पीबी बजनथ्री और न्यायाधीश आलोक कुमार पांडेय की खंडपीठ ने इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय प्रशासन की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

---

बिहार कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बी. श्रीनिवासन को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, एनएसजी का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वे उन्नीस सौ बानवे बैच के अधिकारी हैं। इस पद पर उनकी नियुक्ति सेवानिवृति की तारीख तक की गई है। श्रीनिवासन वर्तमान में बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के निदेशक हैं।

---

राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से भागलपुर, मुंगेर, खगडिया और कटिहार समेत अन्य जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता––

–––बाईट–––

---

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज सारण, भोजपुर, वैशाली, भागलपुर, मुंगेर और बांका जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अबतक पांच सौ सत्तर मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से चौबीस प्रतिशत कम है।

---

पेरिस पैरालंपिक खेलों का औपचारिक उद्‌घाटन आज फ्रांस की राजधानी पेरिस में हो रहा है। ये खेल आठ सितंबर तक चलेंगे। इस पैरालंपिक में कुल चौरासी भारतीय

पैरा एथलीट का दल प्रतिस्पर्धा करेगा। पैरालंपिक के इतिहास में भारत का यह सबसे बड़ा दल है। भारत इस बार बाईस खेलों में से बारह में प्रतिस्पर्धा करेगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कल राजगीर में राज्य खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्‌घाटन करेंगे। खेल विभाग के प्रधान सचिव बी राजेन्दर और भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये जानकारी दी। खेल विभाग के प्रधान सचिव बी. राजेन्दर ने बताया कि राजगीर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य साठ प्रतिशत पूरा हो चुका है। बाकी बचे काम को अगले वर्ष मार्च महीने तक पूरा कर लिया जाएगा।

–––बाईट–––

खेल विभाग के प्रधान सचिव ने बताया कि राज्य खेल अकादमी और क्रिकेट स्टेडियम संचालन के लिए एक सौ चौदह पदों पर नियुक्ति होगी। उन्होंने बताया कि बिहार खेल निदेशालय के रजिस्ट्रार भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी रजनीकांत बनाए गए हैं। वे विश्वविद्यालय में प्रथम कुलपति की नियुक्ति होने तक कुलपति का कार्य भी देखेंगे। संवाददाता सम्मेलन में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि उद्‌घाटन के अवसर पर राज्य के नौ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कल उद्‌घाटन के अवसर पर एशियाई खेल विजेता भारतीय महिला हॉकी टीम प्रदर्शनी मैच खेलेगी। श्री शंकरन ने बताया कि अकादमी के लिए अड़तालीस कोच की नियुक्ति होगी, जिसमें बिहार के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

–––बाईट–––

---

पटना में दस से बारह सितम्बर के बीच सभी राज्यों के पंचायतीराज विभाग की राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित होगी। पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से आठ सौ से अधिक जन–प्रतिनिधि शामिल होंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि पहली बार बिहार में इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसका उद्‌घाटन केंद्रीय

पंचायती राज मंत्री ललन सिंह करेंगे। कार्यशाला की थीम होगी– सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत। मंत्री ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न मुद्दों पर अलग–अलग सत्र आयोजित किये जायेंगे।

---

समाज कल्याण विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनियमितता बरतने के आरोप में कटिहार जिले की चार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी– सीडीपीओ और एक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, डीपीओ को निलंबित कर दिया है। इनमें फलका प्रखंड की सीडीपीओ पामेला टुडू, कदवा की सीडीपीओ शबनम शीला, मनिहारी की सीडीपीओ गुड़िया, मनसाही की सीडीपीओ संगीता मिंकी और डीपीओ किसलय शर्मा शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कटिहार जिले के संबंधित प्रखंडों में जाकर आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की थी। जांच के क्रम में इन केंद्रों पर कई प्रकार की अनियमितता पकड़ी गई थी। इसके बाद संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गई है।

---

राज्य में डेंगू के नए मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न जिलों में छब्बीस नए मामलों की पहचान हुई है। इनमें से अठारह मरीज पटना के हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनवरी माह से अबतक राज्य में डेंगू के पांच सौ पचासी मामले सामने आ चुके हैं। इनमें सबसे अधिक दो सौ पैंतालीस मामले पटना जिले में सामने आए हैं।

---

सीतामढ़ी जिले के सोनवर्षा और कन्हौली थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार नेपाल से शराब पीकर लौटने के बाद तीनों व्यक्तियों की तबीयत खराब होने के बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने मुजफ्फरपुर से एक किलो प्रतिबंधित ड्रग्स के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद ड्रग्स का बाजार मूल्य डेढ़ करोड़ रूपये बताया जाता है। गिरफ्तार तस्करों में एक मोतिहारी और दूसरा मणिपुर का है।

---

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पैंगरी गांव में साइबर पुलिस ने छापेमारी कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सोलह मोबाईल, चार आधार कार्ड, विभिन्न बैंकों के एटीएम और कस्टमर डेटा शीट और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

---

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु के सड़क मार्ग पर आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक आवागमन बंद रहेगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खिया.....

आज के सभी समाचार पत्रों ने सीबीआई द्वारा प्रधान आयकर आयुक्त की गिरफ्तारी की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है चीफ आईटी कमिशनर गिरफ्तार, पेशी कर चोरी के बदले रिश्वतखोरी, दस लाख घूस। आज।

**हिन्दुस्तान** की प्रमुख खबर है – गुरु गोविंद सिंह अस्पताल का निर्माण फरवरी दो हजार पच्चीस तक। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया निरीक्षण ।

**दैनिक जागरण** की विशेष खबर है – अस्पताल में जन्म के साथ बनेगा नवजात का आधार कार्ड। जल्द लागू होगी योजना।

**प्रभात खबर** लिखता है – बिहटा एयरपोर्ट को मिलेगी और एक सौ नब्बे दशमलव पांच एकड़ जमीन।

मनन मिश्र और उपेन्द्र कुशवाहा के राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने की खबरों को **आज** और **राष्ट्रीय सहारा** समेत सभी अखबारों ने अपने पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. संसद की संयुक्त समिति ने वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस के लिए लोगों से सुझाव आमंत्रित किये।

02. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए बिहार के दो शिक्षकों का चयन। मधुबनी की डॉ. मीनाक्षी कुमारी और कैमूर के सिकेन्द्र कुमार सुमन को शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित।

03. भागलपुर, मुंगेर, खगडिया और कटिहार समेत अन्य जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं। हजारों की संख्या में लोग विस्थापित।

04. और, पेरिस पैरालंपिक खेलों का औपचारिक उद्घाटन आज। खेल प्रतियोगिता में भारत के चौरासी एथलीट हो रहे हैं शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।